# सामाजिक बदलाव के महान साधक थे नानाजी : डॉ. यादव

## नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि पर चित्रकूट में हो रहा 3 दिवसीय कार्यक्रम

**भोपाल, 25 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख केवल एक राजनेता नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन के महान साधक थे. उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन ग्राम विकास-शिक्षा-स्वावलंबन के लिए समर्पित कर दिया और समाज सेवा के उद्देश्य को तप के साथ सिद्ध किया.**

स्व. नानाजी देशमुख का मानना था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है. जब गांव मजबूत होंगे तभी राष्ट्र मजबूत बनेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की 16वीं पुण्यतिथि के संदर्भ में चित्रकूट स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम को विधानसभा भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे. स्व. नानाजी देशमुख की 16वीं पुण्यतिथि 27 फरवरी को है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चित्रकूट को भगवान श्री राम की तपोस्थली के साथ-साथ नानाजी देशमुख की कर्मस्थली होने का भी गौरव प्राप्त है. स्व. नानाजी देशमुख ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सपने को मूर्त रूप देने के संकल्प को, चित्रकूट से ही साकार करने का प्रण किया. इस उद्देश्य से ही ग्रामीण विश्वविद्यालय की स्थापना 1991 में चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के रूप में की गई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार स्व. नानाजी देशमुख की शिक्षाओं के अनुरूप समाज और देश के संवर्धन तथा सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही है.

दीनदयाल शोध संस्थान, ग्रामीण विकास के साथ ही स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, कृषि, स्वावलंबन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय कार्य कर रहा है.



दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान के कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित करते हुए सीएम.

> राज्य सरकार विरासत के साथ विकास को ध्यान में रखते हुए गांवों को मजबूत कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रही है. चित्रकूट में स्थानीय सांसद गणेश सिंह, विश्वविद्यालय के कुलगुरू आलोक दुबे, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन तथा विषय विशेषज्ञ और शोधार्थी उपस्थित थे.

### हर किसान के खेत तक पहुंचेगा सिंचाई के लिए पानी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों के सूखे खेतों में जब सिंचाई का पानी पहुंचता है तो मिट्टी सोना उगलती है. किसान कल्याण वर्ष 2026 में किसानों की समृद्धि के लिए उनके खेतों में सिंचाई की भरपूर व्यवस्था की जाएगी, जिससे वे वर्ष भर फसलें ले सकें. सिंचाई का रकबा बढ़ाने और हर खेत किसान के खेत तक पानी पहुंचाने के लिये मध्यप्रदेश के बजट 2026-27 में जल प्रदाय योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किये गये है. प्रदेश में सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से सिंचित रकबे में निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है. शीघ्र ही प्रदेश में सिंचाई के रकबे को 100 लाख हैक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा.

## नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी

**पन्ना.** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने शासकीय नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को भोपाल से गिरफ्तार किया है. थाना कोतवाली पन्ना से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रामचन्द्र निवासी पन्ना ने शिकायत दर्ज कराई थी कि भोपाल निवासी गिरीश पाल ने शासकीय नौकरी दिलाने का झूठा आश्वासन देकर उसे विश्वास में लिया और अलग-अलग तिथियों में ऑनलाइन तथा नगद माध्यम से कुल छह लाख रुपये प्राप्त कर लिए. रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली थाना पन्ना में अपराध क्रमांक 18/2026 धारा 318 (4) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया.


# मध्यप्रदेश में अचानक बदला मौसम

## आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से फसलें प्रभावित

### 20 से अधिक जिलों में आंधी बारिश और ओलावृष्टि

**भोपाल, 25 फरवरी. मध्यप्रदेश में पिछले दो दिनों में मौसम का मिजाज लगातार बदलता रहा. प्रदेश के 20 से अधिक जिलों में ऊपरी हवा में बने चक्रवाती परिसंचरण और द्रोणिका के प्रभाव से तेज आंधी, बारिश और कई जगह ओलावृष्टि दर्ज की गई.**

इन घटनाओं का असर खासकर गेहूं और चने की तैयार होती फसलों पर पड़ा, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई.



छिंदवाड़ा, सिवनी, बैतूल, रतलाम, उज्जैन, बालाघाट, खंडवा, सीहोर, रायसेन, इंदौर, अनूपपुर और डिंडौरी में अचानक मौसम बदल गया. कहीं तेज हवाओं के साथ बारिश हुई तो कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि से खेतों में फसलें प्रभावित हुईं. इससे पहले, श्योपुर, शिवपुरी, ग्वालियर, टीकमगढ़, छतरपुर, रीवा, सीधी और सिंगरौली में हल्की वर्षा दर्ज की गई.

> शिवपुरी, टीकमगढ़, छतरपुर, सीधी और सिंगरौली में ओलावृष्टि ने अधिक नुकसान पहुँचाया. जबलपुर संभाग के कुछ जिलों में वर्षा हुई, जबकि बाकी सभी संभागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा. पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान अधिकांश संभागों में सामान्य से 1.9ए डिग्री से 2.7ए डिग्री तक अधिक रहा. न्यूनतम तापमान में शहडोल संभाग के जिलों में 2.1ए डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई, जबकि अन्य जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. नर्मदापुरम, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभागों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.7ए डिग्री से 1.8ए डिग्री अधिक रहा. सिनॉप्टिक परिस्थितियों के अनुसार अरब सागर के उत्तर-पूर्वी भाग और गुजरात तट से दूर ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण 1.5 से 3.1 किमी की ऊँचाई पर सक्रिय है.

# बीहर रिवर फ्रंट शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करें : शुक्ल

**भोपाल, 25 फरवरी. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में रीवा शहर की पुनर्घनत्वीकरण योजना की प्रगति और आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की.**



उन्होंने अधोसंरचना उन्नयन, सौंदर्यीकरण तथा विभिन्न विकास परियोजनाओं की स्थिति पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए. उप मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से बीहर नदी के रिवर फ्रंट विकास कार्य की समीक्षा की. उन्होंने बताया कि नदी के पूर्वी तट का सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि पश्चिमी तट पर कार्य शेष है. शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिवर फ्रंट का शेष कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि शहर को एक समग्र और आकर्षक स्वरूप मिल सके. उन्होंने कहा कि बीहर नदी के दोनों तटों का संतुलित विकास होने से रीवा को नई पहचान मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होंगे.

# इंदौर के भागीरथपुरा में 36वीं मौत

## 54 वर्षीय व्यक्ति का निधन

### स्वास्थ्य विभाग ने नहीं की आधिकारिक पुष्टि

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में 58 वर्षीय रामनरेश यादव की मृत्यु के बाद परिजनों ने दूषित पानी को जिम्मेदार ठहराया है. दूषित पानी से मरने वालों की संख्या अब तक 36 पहुंच गई है.**

हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है. जानकारी के अनुसार रामनरेश यादव पिछले करीब दो सप्ताह से अस्वस्थ थे और निजी अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती थे. उपचार के दौरान उनकी हालत बिगड़ती गई और अंततः उनका निधन हो गया.

परिजन प्रेरणा यादव ने नव भारत से चर्चा में दावा किया कि क्षेत्र में लंबे समय से दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे उनके पिता गंभीर रूप से बीमार पड़े. उनका कहना है कि संक्रमण पूरे शरीर में फैल गया था, जिससे लिवर और किडनी को नुकसान पहुंचा और अंगों ने काम करना बंद कर दिया.

> स्थानीय रहवासियों का भी आरोप है कि पिछले लगभग एक महीने से क्षेत्र में गंदे पानी की समस्या बनी हुई है और कई लोग बीमार हो रहे हैं. इधर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि संबंधित मृत्यु को दूषित पानी से सीधे जोड़कर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. मामले की जांच और चिकित्सकीय रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा.



# फिर खुलेगी भैरवगढ़ जेल गबन कांड की फाइल, गृह मंत्रालय से हरी झंडी

- जेल में हुआ था जीपीएफ घोटाला
- अब आर्थिक अपराध शाखा करेगी जांच

प्रमोद व्यास

उज्जैन. केंद्रीय जेल भैरवगढ़ में वर्ष 2020 से 2023 के बीच बहुचर्चित जीपीएफ गबन कांड हुआ था, जिसकी जांच अब आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्ल्यू द्वारा की जाएगी. मध्य प्रदेश सरकार के गृह मंत्रालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं. अब तक इस मामले की जांच स्थानीय स्तर पर और विशेष जांच दल द्वारा की जा रही थी, मामले की गंभीरता, बड़ी धनराशि और कई स्तरों पर मिली अनियमितताओं को देखते हुए इसे आर्थिक अपराध शाखा को सौंपने का निर्णय लिया गया है.





**13.50 करोड़ रुपये का घोटाला :** उज्जैन की केंद्रीय भैरवगढ़ जेल में लगभग 13.50 करोड़ रुपये के जीपीएफ घोटाले का खुलासा हुआ था. जांच में सामने आया था कि जेल में पदस्थ सहायक लेखा अधिकारी रिपुदमन सिंह ने कर्मचारियों के जीपीएफ खातों से फर्जी तरीके से राशि निकाल ली थी. बिना कर्मचारियों की अनुमति और बिना वैध प्रक्रिया अपनाए उनके खातों से रकम निकालकर अन्य खातों में स्थानांतरित की गई. बताया गया कि 60 से अधिक कर्मचारियों के खातों से 120 से ज्यादा लेन-देन के माध्यम से करोड़ों रुपये की निकासी की गई.



फाइल फोटो


**तत्कालीन जेल अधीक्षक भी पहुंची जेल:** इस मामले में पूर्व जेल अधीक्षक उषा राज सहित कई अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया था. जांच के दौरान बैंक खातों, लॉकर और संपत्तियों की भी पड़ताल की गई थी. आरोप है कि निकाली गई राशि का उपयोग निजी लाभ और अन्य गतिविधियों में किया गया.

> **प्रकरण की वित्तीय जांच होगी :** अब आर्थिक अपराध शाखा पूरे प्रकरण की वित्तीय जांच करेगी. शाखा यह जांच करेगी कि धनराशि किन-किन खातों में गई, किस स्तर पर लापरवाही या मिलीभगत हुई, और क्या इस घोटाले में अन्य लोग भी शामिल थे. साथ ही यह भी देखा जाएगा कि प्रशासनिक नियंत्रण और ऑडिट व्यवस्था में कहां चूक हुई.
> **सरकार की पारदर्शी पहल :** सरकार के इस निर्णय को मामले में पारदर्शी और व्यापक जांच की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है. आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई और मजबूत हो सकती है.

# भाजपा विधायक उमाकांत ने अपनी ही सरकार को घेरा

**भोपाल, 25 फरवरी. मध्यप्रदेश विधानसभा में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक ने अवैध वन कटाई को लेकर अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया.**

प्रश्नकाल के दौरान सिरोंज से भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लटेरी में अवैध वन कटाई का मामला उठाया. उन्होंने कहा कि लटेरी में वन माफिया वन भूमि पर कब्जा कर रहा है, अतिक्रमण नहीं हट रहा है. साथ ही उन्होंने कहा कि एक वनरक्षक और अतिक्रमणकर्ता के बीच चर्चा का ऑडियो वायरल हो रहा है, वनकर्मी अतिक्रमण करने वालों को बचा रहे हैं. शर्मा ने मांग की कि एक तरफ सरकार पेड़ लगाने को प्रोत्साहन दे रही है, वहीं दूसरी ओर एक वनकर्मी ही पेड़ कटवा रहा है. उन्होंने वनकर्मी को हटाने की मांग की. इस पर मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि अधिकारयों को निर्देशित किया गया है.



# 31 लाख की धोखाधड़ी करने के मामले में 9 आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

रीवा, 25 फरवरी, चोरहटा थाना अन्तर्गत शेयर मार्केट कम्पनी में निवेश करने का झासा देकर 31 लाख से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ कार, 51 हजार नगद एवं तीन नोट गिनने वाली मशीन बरामद की है. रीवा एवं इंदौर में दबिश देकर 24 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की.

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बहुरीबांध निवासी कौशल प्रसाद तिवारी ने चोरहटा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि शेयर मार्केट कम्पनी में निवेश करने का झासा देकर उनके साथ 31,36,478 रूपये अलग-अलग बैंक खातों एवं नगदी जमा कर धोखाधड़ी की गई है. शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में प्रकरण दर्ज कर अलग-अलग टीम बनाई गई. साइबर सेल एवं चोरहटा पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई और दबिश देकर सभी 9 आरोपियों तक पुलिस पहुंच सकी. धोखाधड़ी का मामला जब पुलिस के पास पहुंचा तो होश उड़ गये. साइबर सेल की मदद से चोरहटा पुलिस रीवा एवं इंदौर में दबिश देकर सभी 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया.

# तेज हुए सिंहस्थ विकास कार्य, मजबूत और टिकाऊ निर्माण पर विशेष जोर

- गुणवत्ता और समयसीमा पर कलेक्टर ने की सख्ती
- महाकाल की नगरी में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने का अभियान तेज

**उज्जैन.** महाकाल की नगरी में महाकुंभ 2028 की तैयारियां तेज हो गई हैं. देश और दुनिया की नजर इस समय उज्जैन पर टिकी हुई है. शहर में बड़े पैमाने पर विकास कार्य चल रहे हैं और बदलती तस्वीर के बीच प्रशासन की प्राथमिकता साफ है कि हर निर्माण कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा हो. टिकाऊ और मजबूत निर्माण सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सभी विभागों की जवाबदेही तय करते हुए सख्त निर्देश दिए हैं.



कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय सभागार में विभागीय निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली. बैठक में सिंहस्थ 2028 से अलग अन्य विभागों के निर्माण कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की गई. लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण सेतु, भवन विकास, पीआईयू, सिंचाई विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, यूडीए, पुलिस हाउसिंग, एमपीईबी, एमपीआरडीसी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे. कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य तय समयसीमा में पूर्ण किए जाएं और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न हो. उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान कार्यों की भौतिक प्रगति और गुणवत्ता की नियमित जांच की जाएगी.

**सिंचाई क्षमता में व्यापक वृद्धि :** सिंचाई विभाग ने बताया कि अरनिया बहादुरपुर तालाब और इंदौख बैराज मध्यम सिंचाई परियोजना से 8,368 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता विकसित की जा रही है। 52 लघु तालाबों से 14,653 हेक्टेयर और 41 लघु बैराज एवं स्टॉप डेम से 7,047 हेक्टेयर क्षेत्र को लाभ मिलेगा ।महिदपुर में सामाकोटा बैराज का 98 प्रतिशत, डुंगरिया बैराज का 70 प्रतिशत और हरवाखेड़ी मध्यम सिंचाई परियोजना का 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

**सड़क परियोजनाओं में 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण:** एमपीआरडीसी द्वारा 257 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से हाईब्रिड एन्युटी मॉडल पर छापिहेड़ा-नलखेड़ा रोड, गोगापुर-महिदपुर-घोसला रोड और सुंदरसी-पोलायकला मार्ग का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है. शेष कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा.


> **विद्युत और पुल निर्माण में भी प्रगति**
> एमपीईबी की एसएसटीडी योजना अंतर्गत 33/11 केवी के नए उपकेंद्र तपोभूमि (उज्जैन दक्षिण), मोचीखेड़ा, करोंदिया, पारसोली, रजला, निंबोदिया खुर्द, गेलाखेड़ी, बोलासा, जवासिया, करनावद, लोहरिया, शंकरपुर और जीवनखेड़ी में पूर्ण हो चुके हैं. जिले में छह पुलों का निर्माण कार्य जारी है। उज्जैन-नागदा-खाचरौद मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज का 65 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। पंचक्रोशी मार्ग पर शिप्रा नदी पर सबमर्सिबल ब्रिज का 50 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसे जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

## शिकायत | सहारा समूह के खिलाफ नौ लाख से अधिक शिकायती आवेदन आए

# सहारा समूह पर 6,500 करोड़ गबन का आरोप

**भोपाल, 25 फरवरी. मध्यप्रदेश में सहारा समूह के खिलाफ राज्य सरकार को लगभग नौ लाख से अधिक शिकायती आवेदन प्राप्त हुए, जिसके तहत कुल लगभग 6 हजार 6 सौ 89 करोड़ रुपए की राशि के गबन का मामला सामने आया.**

विधानसभा में आज राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की ओर से गृह विभाग से जुड़ी ये जानकारी दी. वे कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह के सवाल का जवाब दे रहे थे.





उन्होंने कहा कि सहारा समूह के मध्यप्रदेश के निवेशकों से जुड़े कुल 9 लाख 6 हजार 661 आवेदन सामने आए. इसमें से लगभग 7.5 लाख निवेशकों के आवेदन का निराकरण सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार हो गया है. इसमें कुल राशि रुपए 6 हजार 6 सौ 89 करोड़ निवेशकों की थी. सर्वोच्च न्यायालय ने सहारा रिफंड पोर्टल बनाया है, उसके माध्यम से 3 सौ 55 करोड़ रुपए की राशि छोटे निवेशकों में वितरित की जा चुकी है. उन्होंने बताया कि एक जनवरी 2024 के बाद से इस समूह के खिलाफ चार एफआईआर दर्ज हुई हैं. इसके अलावा भी जितनी एफआईआर हैं, उन सभी को मुरैना कोतवाली में मर्ज करके वहीं आगे की विवेचना कार्रवाई की जा रही है.

> हालांकि इस जवाब के पूर्व प्रश्नकर्ता विधायक सिंह ने कहा कि समूचे राज्य में इस प्रकार की 123 एफआईआर दर्ज हैं. उन्होंने सरकार से ये भी पूछा कि सहारा समूह की राज्य में कितनी संपत्ति है और क्या इस संपत्ति की नीलामी के माध्यम से निवेशकों की राशि लौटाने की सरकार की कोई योजना है. इस पर मंत्री पटेल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के तत्वावधान में रिफंड की सारी कार्यवाही चल रही है. समूह की अनेक संपत्तियां न्यायालय के आदेश पर अटैच भी की गई हैं. यह अब राज्य पुलिस की सीमा से बाहर का विषय है.

# अंतरराज्यीय गांजा तस्कर से 152 किलो गांजा जब्त

**नरसिंहपुर.** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर से 152 किलो गांजा जप्त किया है. पुलिस अधीक्षक डॉ ऋषिकेश मीना ने आज बताया कि राजनांदगांव छत्तीसगढ से झांसी उत्तरप्रदेश पिकअप वाहन से 152 किलो गांजा ले जाते हुए घेराबंदी करके चालक रोहित सिंह निवासी ग्वालियर को गिरफ्तार किया गया है. एसपी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी को राष्ट्रीय राज्यमार्ग 44 पर नाकेबंदी करके पकडा गया. इस वाहन में खाली कैरेट भरे हुए थे. उसमें चालाकी के साथ बोरियों में गांजा भरा हुआ था. गांजा के साथ छत्तीसगढ़ के नंबर वाली पिकअप को भी जप्त कर लिया गया है.


motilal oswal Home Finance

**मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड**

कॉर्पोरेट कार्यालयः मोतीलाल ओसवाल टावर, रहमतुल्लाह सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025 I ईमेलः hfquery@motilaloaswal.com I सीआईएन नंबरः U65923MH2013PLC248741

**कब्जे की सूचना (अचल संपत्ति/संपत्तियों के लिए)**

**(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के अंतर्गत)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (औपचारिक रूप से एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत, और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित दिनांक का डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें निम्नलिखित उधारकताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नीचे उल्लिखित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। निम्नलिखित उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसके द्वारा निम्नलिखित उधारकताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे उल्लिखित तिथि को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा ले लिया है।

| स. क्र. | ऋण अनुबंध संख्या / नाम उधारकर्ता /सह-उधारकर्ता/ गारंटर का | मांग सूचना की तिथि और बकाया | कब्जा प्राप्ति की तिथि | अचल संपत्ति का विवरण संपत्ति का वह अभिन्न अंग जिसमें शामिल हैं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | LXDEW00418-190071905 उधारकर्ताः शोभाराम रामचन्द्र जाट सह-उधारकर्ताः राधा शोभाराम बाई | 25.05.2021 के लिए रू. 1075981/- | 20.02.2026 | प्लॉट नंबर - 40 दक्षिणी भाग, वार्ड नंबर - 01, सालार नंबर - 202, अवंतिका नगर कॉलोनी, गृह निर्माण सहकारी संस्था, देवास, मध्य प्रदेश - 455001 |
| 2 | LXDEW00316-170031067 उधारकर्ताः अरुण स्वरूप नारायण नाहर सह-उधारकर्ताः दिलीप कुमार स्वरूपनारायण नाहर सह-उधारकर्ताः मधुकांत अरुण नाहर | 22.03.2021 के लिए रू. 1392665/- | 20.02.2026 | मकान संख्या - 106, वार्ड संख्या - 11, मकान संख्या - 677, P/H सं/- 1, बस स्टैंड, पीपलरावा, तहसील - सोनकच्छ, देवास, मध्य प्रदेश - 455118 |

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन ऊपर उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।
उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

**स्थानः मध्य प्रदेश**
**दिनांकः 26.02.2026**

अनुवाद में त्रुटि या विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**
**मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**